अगर आपको किसी अनुपालन में गंभीर उल्लंघन की शंका है, तो टेल अस!



1. आपको टेल अस का उपयोग कब करना चाहिए?

- जब भी आपको अनुपालन में गंभीर उल्लंघन का शक हो अर्थात् हैला के दिशा-निर्देशों, कानूनों एवं आंतरिक नियमों का उल्लंघन,तो आवाज उठायें और टेल अस! का उपयोग करें।

अनुपालन उल्लंघनताओं से संबंधित..........मगर निम्नलिखित विकल्पों तक ही सीमित नहीं :

- धोखाधड़ी,भ्रष्टाचार,मानवाधिकार.....
- धोखाधड़ी
- चोरी
- भ्रष्टाचार/रिश्वतखोरी
- हितों का टकराव
- प्रतिस्पर्द्धा कानून
- स्वास्थ्य एवं सुरक्षा
- मानवाधिकार या पर्यावरणीय जोखिम तथा/या उल्लंघन (हैला में या वैश्विक सप्लाई चेन के अंतर्गत)
- श्रम कानून
- सूचना/साइबर सुरक्षा
- डाटा गोपनीयता
- निर्यात नियंत्रण/प्रतिबंधन
- लेखांकन एवं कर नियम
- उत्पाद सुरक्षा/तकनीकी अनुपालन

2. टेल अस! कौन उपयोग कर सकता है? कोई भी!

- सभी हैला कर्मचारी, तथा
- कोई बाहरी थर्ड पार्टी

जिन्हें हैला या सप्लाई चेन में अनुपालन का उल्लंघन होने का शक हो तथा उसे रिपोर्ट करना चाहते हैं।

हम हैला कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का निपटारा करने तथा अपने लाइन मैनेजरों या स्थानीय प्रबंधन,एचआर कर्मचारी या अनुपालन अधिकारी को सीधे रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं क्योंकि ये लोग ही संभवतः समस्याओं का निपटारा करने में ज्यादा समर्थ है।

अगर आपको ऐसा करने में असुविधा महसूस होती है, तो टेल अस का उपयोग करें!

3. टेल अस! का उपयोग क्यों करना चाहिए?

- हैला हर रिपोर्ट को गंभीरता से लेता है!
- टेल अस! में 24/7 संपर्क किया जा सकता है।
- टेल अस! का संचालन एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष थर्ड पार्टी द्वारा किया जाता है।
- टेल अस! गोपनीयता को सुरक्षित रखता है।
- आप पहचान छिपाकर भी रिपोर्ट कर सकते हैं।
- हैला प्रतिकार के विरुद्ध सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- टेल अस! कई भाषाओं में उपलब्ध है; आप किसी भी मामले को, अपनी देशी भाषा में रिपोर्ट कर सकते हैं - चाहे वह कोई भी भाषा क्यों ना हो।
- टेल अस! को इस प्रकार बनाया गया है ताकि आपकी पहचान एवं रिपोर्ट की गोपनीयता सुरक्षित (कानूनी स्वीकृति के अनुसार) रह सके।
- हैला आपको अपनी पहचान बताने के लिए प्रोत्साहित करता है, मगर आप अपनी पहचान छिपाकर (अगर स्थानीय कानून की स्वीकृति हो) भी रिपोर्ट कर सकते हैं।
- हैला एक ऐसे माहौल एवं संस्कृति को बढ़ावा देता है जहाँ समस्याओं पर ध्यान दिया जाता है।
- हैला ऐसे किसी भी प्रतिकार के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए प्रतिबद्ध है जो रिपोर्ट पेश करने के कारणवश हुआ है अगर उस व्यक्ति ने अच्छी भावना से रिपोर्ट किया है।

4. आपको कैसे रिपोर्ट करना चाहिए?

- **https://hella.whistleblowernetwork.net** पर जायें।
- मीनू की भाषा और देश चुनें (मगर अपनी इच्छानुसार किसी भी भाषा में रिपोर्ट करें)
- अपनी रिपोर्ट जमा करें - जितना विस्तारपूर्वक हो सके ताकि रिपोर्ट को व्यवहारित करना संभव एवं सुगम हो:
- क्या हुआ कब हुआ कैसे हुआ किसके साथ हुआ....?

निम्नलिखित प्रश्नों का जवाब दें, अगर संभव हो :

- क्या हुआ था (घटनाक्रम का सारांश)?
- कौन-2 शामिल और प्रभावित हुआ था (नाम,विभाग)?
- कहाँ हुआ था (देश,स्थान,विभाग)?
- कब हुआ था (तिथि,अवधि,समय)?
- क्या नुकसान हुआ था (व्यापकता,कार्यक्षेत्र)?
- क्या कोई सबूत(दस्तावेज),गवाह हैं?
- अपना नाम बतायें (अगर आप चाहते हैं)

5. आगे की बातचीत कैसे करें?

- हम आपको पोस्ट/डायलॉग बॉक्स खोलने का सुझाव (चाहे आप पहचान छिपाकर ही रिपोर्ट करने का विकल्प चुनते हैं) देते हैं जिससे :
  - आप सात दिन के भीतर शिकायत की रसीद प्राप्त कर लेंगे।
  - आप शिकायत की स्थिति एवं अंतिम निष्कर्ष को जांच सकेंगे।
  - रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आपको 90 दिन के भीतर शिकायत की मौजूदा स्थिति का पता चलेगा।
  - अगर कोई जांच नहीं की जाती है तो आपको सूचित किया जाएगा (कोई मुमकिनता नहीं,अनुपालन उल्लंघनता पर शक करने के लिए पर्याप्त सबूतों/गवाहों का ना होना)

6. आपके रिपोर्ट पेश करने के बाद क्या होता है?

- पेश की गई रिपोर्टस को अनुपालन अधिकारी द्वारा तुरंत प्राप्त करके जांचा जाता है ताकि उनकी मुमकिनता एवं स्वीकार्यता का आंकलन (अनुपालन उल्लंघनता के पर्याप्त चिन्ह?) हो सके।
- अनुपालन अधिकारी, रिपोर्ट को और अधिक बेहतर तरीके से व्यवहारित करने के लिए अन्य पेशेवर विभागों की मदद ले सकता है।
- आपकी शिकायत को जांचने के दौरान,हैला निम्नलिखित चीजें खोजती है :
  - तथ्यों को स्पष्ट करना,
  - साक्ष्यों का अपेक्षानुसार आंकलन करना,
- उचित कार्यवाही करना/कदम उठाना (संरक्षात्मक या सुधारात्मक कार्यवाही, अनुशासनात्मक प्रतिबंध समेत, अगर मान्य है)
- स्थानीय अनुपालन कार्यप्रणालियाँ एवं पेशेवर विभाग उदाहरणार्थ आंतरिक लेखापरीक्षण,सुरक्षा,एचआर वे अन्य पेशेवर हैं जिन्हें रिपोर्टस को बेहतर तरीके से व्यवहारित करने हेतु शामिल किया जाता है।
- ये सभी स्वतंत्र रूप से काम करते हैं तथा गोपनीयता के लिए प्रतिबद्ध (मान्य कानूनों के अनुसार) होते हैं।
- इस प्रक्रिया की अवधि शिकायत की व्यापकता एवं जटिलता पर निर्भर करती है; इसमें कुछ दिनों/हफ्तों से लेकर कई महीनों तक का समय भी लग सकता है।
- हैला पारदर्शी प्रक्रिया के सिद्धांतों का पालन करती है, तथा निर्दोषता एवं समानता को प्रकल्पित करती है।

* टेल अस! के साथ, हैला गोपनीयता सुरक्षा के अंतर्गत एवं प्रतिकार के विरुद्ध मानवाधिकारों एवं पर्यावरणीय जोखिमों तथा/या उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए जर्मन सप्लाई चेन सम्यक् तत्परता अधिनियम (एलकेएसजी) के अंतर्गत एक रिपोर्टिंग माध्यम एवं प्रक्रिया प्रदान करता है।

FORVIA

HELLA